**JAIN COLLEGE JAYANAGAR**

**II-PU MOCK PAPER-2 2017**

**SUB-HINDI**

**TIME-3.15Hr** **Max. Marks:100**

**I) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए–** **1x6=6**

१) विश्वेश्वरय्या जी को भारतरत्न से कब सम्मानित किया गया?
२) कर्तव्य करने से क्या बढता है?
३) मेमसाहब को क्या पसंद आए थे?
४) मन्नू भंडारी ने अपनी शिक्षा कौन से स्कूल से पूर्ण की ?
५) किस नदी में भयंकर बाढ आती थी?
६) शिंकान्सेन का शाब्दिक अर्थ क्या है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए–** **3X3=9**

७) सुजान मेहतो की संपत्ति बढी तो वह क्या करने लगा?
८) झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए?
९) मन्नु भंडारी की माँ का परिचय दीजिए ?
१०) टफ्स के पुस्तकालय के बारे में लिखिए?
११) विश्वेश्वरय्या के गुण–स्वभाव का परिचय दिजिए।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे–** **1X4=4**

१२) हमारे आपके घरों की लडकियों को शोभा देता है यह सब ?
१३) 'आइ एम रियली प्राउड आफ़ यू।'
१४) आप साधु हैं आपको दुनियादारी समझ नहीं आती ।
१५) 'आधी रोटी खाओ, भगवान का भजन करो और पडे रहो।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए–** **2X3=6**

१६) यह किला जापानी संघर्ष धर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है।
१७) यह लडकी मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी।
१८) चिंता में घुलते घुलते और भूखे मरते मरते उन्होंने दम तोड दिया.
१९) पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं।

**III) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए–** **1X6=6**

२०) बीज फूल को प्रफुल्लित रखने के लिए निरंतर क्या भेजता रहता है?
२१) प्रेम की गली कैसी है?
२२) कवि नरेंद्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?
२३) कवि ने बूढा चौकीदार किसे कहा है?

२४) कर्नाटक में किस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं?
२५) मेघ में किस चीज की चाह होनी चाहिए ?

**आ) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **2X3=6**

२६) कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं?
२७) मानवता के प्रति कवि नरेंद्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए?
२८) वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए ।
२९) रैदास ने किस प्रकार के राज्य का वर्णन किया है?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए–** **2X4=8**

३०) रहिमन गली है साँकरी , दूजो ना ठहराहिं।
आपु आहै तो हरि नहीं , हरि तो आपुन नाहिं॥

अथवा

मुख तन चितै, विहँसि हरि दीन्हौ, रिस तब गई बुझाई।
लियौ स्याम उर लाइ ग्वालिनी, सूरदास बलि जाइ ॥

३१ तेरी रक्षा का न मोल है,
पर तेरा मनव अनमोल है,
यह मिटता है, वह बनता है,
यही सत्य की सही तोल है

अथवा

३१ वे सूने से नयन, नहीं–
जिनमे बनते आँसू– मोती ;
वह प्राणों की सेज , नहीं–
जिनमें बेसुध पीडा सोती।

**IV) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए–** **1X5=5**

३२) भारवी , अपने पिता को किसे तलवार दे आने को कहता है?
३३) बंसीलाल का लडका गली के सिरे पर क्या कर रहा था?
३४) कवि किस पर शासन करता है?
३५) भारवि के अनुसार क्या जघन्य पाप है ?
३६) सुशीला किसके लिए बेचैन है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **2X5=10**

३७) दादा जी ने परेश को किस प्रकार मनाया?

अथवा

दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

३८) प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए ?

अथवा

ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

V))३९) अ) वाक्य शुद्ध कीजिए– 1X4=4

१) रोहन ने रोटी खाया।
२) उसका बुला दो।
३) यह कविता अनेक भाव प्रकट करता है ।
४) कवियित्री ने कविता लिखी ।

४०) रिक्त स्थान भरिए– 1X4=4

( सम्मान, घृणा, सत्य, कर्तव्य )

१) मनुष्य का परम धर्म ------- बोलना है।
२) स्वार्थी लोग अपने------ पर ध्यान नहीं देते।
३) बुरे लोगों से सभी-------- करते हैं।
४) सत्य बोलने से हमारा------ होगा।

४१) वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए– 1X3=3

१) वह घर जाएगा ( भूतकाल में बदलिए)
२) बच्चे खेलते हैं ( भविष्य काल में बदलिए)
३) मैं नहीं सोऊंगा ( वर्तमान काल में बदलिए)

४२) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोडकर लिखिए– 1X4=4

१) आनाकानी करना-----------अ) हिम्मत देना
२) आग बबूला होना-----------ब) रक्षा करना
३) तार देना -----------स) गुस्सा होना
४) ढाढस बांधना -----------द) मना करना

४३) लिंग पहचानिए– 1X3=3

१) आविष्कार २) आकृति ३) अनुभूति

४४) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए– 1X3=3

१) जो उपस्थित न हो।
२) युद्ध भूमि से पलायन करने वाला।
३) जो विश्वास करने योग्य न हो ।

४५) उपसर्ग जोडकर नए शब्द लिखिए– 1X2=2

१) व्यवस्थित २) मर

४६) प्रत्यय अलग करके लिखिए– 1X2=2

१) भौगोलिक २) समझदार

४७) निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– **1X5=5**

१) रुपए की आत्मकथा २) परीक्षा का महत्व ३) आजादी का महत्व

अथवा

सडकों पर हो गए गड्ढों के कारण राहगीरों को हो रही परेशानियों का वर्णन करते हुए महानगर पालिका के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए

४८) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए_ **1X5=5**

काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई वर्षों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंति के अवसर पर यहां पांच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन वादन की उत्कृष्ठ सभा होती है । इसमें बिसमिल्ला खां अवश्य रहते थे। अपने मज़हब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिसमिल्ला खां की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार थी। वे जब भी काशी से बाहर रहते तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते थोडी देर ही सही मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता। और भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती थी।

१) काशी की प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा क्या है?
२) संकटमोचन मंदिर कहाँ पर स्थित है ?
३) बिसमिल्ला खां की श्रद्धा किसके प्रति अपार थी?
४) उस्ताद बिसमिल्ला खां किस वाद्य को बजाते थे?
५) भीतर की आस्था किस माध्यम से बजती थी?

४९) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- **1X5=5**

१) live and let live.
२) I want to open a current account in State bank of India
३) Who is the President of India?
४) Northern Hemisphere is very cold.
५) Amitabh Bachchan is a legendary actor.